Date __/__/____ CLASS: VII Page No.: _____

पाठ - 5 लिंग और वचन

(क) लिंग से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

उ० शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति अथवा स्त्री जाति का बोध हो उसे लिंग कहते हैं।
जैसे - भाई - बहन, माता - पिता आदि

(ख) लिंग के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ० लिंग के दो भेद होते हैं 1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग

(1) पुल्लिंग →

जो संज्ञा शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं पुल्लिंग कहलाते हैं
जैसे - पिता, भाई, बालक, कुत्ता, शेर आदि।

2 स्त्रीलिंग →

जो संज्ञा शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं स्त्रीलिंग कहलाते हैं
जैसे - माता, बहन, शेरनी, लड़की आदि

(ग) वचन किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

"Faith is the bird that feels the light when the dawn

Date ___/___/_____ Page No.: _____

उ० शब्द के जिस रूप से एक या अनेक होने का बोध होता है उसे वचन कहते हैं।

वचन के भेद → वचन के दो भेद होते हैं। (1) एकवचन (2) बहुवचन

एकवचन →

* जिन शब्दों से एक वस्तु या प्राणी का पता चलता है उसे एकवचन कहते हैं जैसे - बेटा, कुत्ता, घोड़ा लड़का आदि।

बहुवचन →

* जिन शब्दों से एक से अधिक वस्तु या प्राणी का पता चलता है उसे बहुवचन कहते हैं जैसे - लड़के, कुत्ते, बेटे, घोड़े आदि

Date ___/___/_____ CLASS : VII Page No.: _____

पाठ – 6 कारक

(क) कारक किसे कहते हैं?

उ० संज्ञा और सर्वनाम शब्दों के साथ लगाए गए जो चिह्न वाक्य में आए शब्दों से या क्रिया से उस शब्द का संबंध प्रकट करते हैं वे कारक कहलाते हैं। इन्हें विभक्ति चिह्न या परसर्ग भी कहते हैं।

(ख) कारक के कितने भेद होते हैं? सभी के नाम उनके चिह्नों सहित लिखो।

हिंदी में कारक के आठ भेद होते हैं

कारक		विभक्ति चिह्न
कर्ता	–	ने
कर्म	–	को
करण	–	से, द्वारा
संप्रदान	–	के लिए
अपादान	–	से, अलग होने के अर्थ में
संबंध	–	का, के, की
अधिकरण	–	में, पर
संबोधन	–	हे!, अरे!

Date __/__/____ Page No.: _____

(ग) करण कारक किसे कहते हैं?

उ० कर्ता जिस साधन के द्वारा कार्य करता है उसे करण कारक कहते हैं। इसका चिह्न 'से' के द्वारा है। जैसे - बालक कलम से लिखता है।

(घ) अपादान कारक किसे कहते हैं?

उ० जिससे कोई वस्तु अलग हो उसे अपादान कारक कहते हैं इसका चिह्न 'से' (अलग होने के अर्थ में) है। जैसे - पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

(ङ) अधिकरण कारक किसे कहते हैं?

उ० जो शब्द क्रिया के बनने तथा होने का आधार हो उसे अधिकरण कारक कहते हैं। इसका चिह्न 'में', 'पर' है। जैसे - टोकरी मे फल है।

Date __/__/__ CLASS: VII Page No.: ____

पाठ - 7 सर्वनाम

(क) सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ० जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है उन्हें सर्वनाम कहते हैं जैसे - वह, मैं, तुम, अपना आदि

(ख) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं? सभी के नाम लिखो।

उ० सर्वनाम के छः भेद होते हैं -

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
3. निजवाचक सर्वनाम
4. प्रश्नवाचक सर्वनाम
5. संबंधवाचक सर्वनाम
6. निश्चयवाचक सर्वनाम

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं?

उ० जो सर्वनाम बोलने वाले, सुनने वाले या जिसके बारे में कुछ कहा जाए उसका बोध कराते हैं उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

Page No.: _____

Date ___/___/_____

इसके तीन भेद होते हैं —

1. उत्तम पुरुष
2. मध्यम पुरुष
3. अन्य पुरुष

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम तथा अनिश्चयवाचक सर्वनाम में क्या अंतर है?

उ० जिन सर्वनामों से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे — यह, वह, इसे, उसे आदि। जबकि जिन सर्वनामों से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं जैसे — कुछ, कोई आदि

Date __/__/____ CLASS:- VII Page No.: _____

पाठ - 8 विशेषण

(क) विशेषण किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?

उ० जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उन्हें विशेषण कहते हैं। जैसे - माँ ने चार मीटर कपड़ा खरीदा।

विशेषण के भेद - विशेषण के चार भेद होते हैं -

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाणवाचक विशेषण
4. सार्वनामिक विशेषण

(ख) विशेषण के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ० विशेषण के चार भेद होते हैं -

(1) गुणवाचक विशेषण → जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, रंग, आकार स्थान आदि का पता चलता है उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे - रेखा का चेहरा लंबा है।

Date ___/___/_____ Page No.: _____

[2] संख्यावाचक विशेषण →

* जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का पता चलता है उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं जैसे - कक्षा मे पाँच छात्र हैं।

[3] परिमाणवाचक विशेषण →

* जिन विशेषण शब्दों किसी वस्तु या पदार्थ की निश्चित मात्रा (नाप - तौल) का पता चलता है उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे - यह दो मीटर कपड़ा है।

[4] सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण →

* जिन सर्वनामों का प्रयोग संज्ञा के पूर्व विशेषण के रूप में किया जाता है उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं जैसे - यह पुस्तक मेरी है।

(ग) विशेषण और विशेष्य में क्या अंतर है?

उ० जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं उन्हें विशेषण कहते हैं।

Date ___/___/_____ Page No.: _____

जैसे - हिमालय की विशाल चोटियाँ हमारे देश की रक्षा करती है।
इसमें विशाल शब्द विशेषण है।
जबकि विशेषण जिस शब्द की विशेषता बताए वह विशेष्य कहलाता है।
जैसे - दिए गए उदाहरण में 'विशाल' शब्द हिमालय की विशेषता बता रहा है अतः हिमालय विशेष्य है।

(घ) विशेषण की कितनी अवस्थाएँ होती हैं? किसी एक के विषय में विस्तार से लिखो।

उ० विशेषणों की तुलना के आधार तीन अवस्थाएँ मानी जाती हैं -

1. मूलावस्था
2. उत्तरावस्था
3. उत्तमावस्था

मूलावस्था →

————* इसमें किसी प्रकार की तुलना नहीं होती। केवल विशेषण का सामान्य कथन होता है जैसे - विनय अच्छा बालक है

आपने क्या सीखा ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) लिंग से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

(ख) लिंग के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ग) वचन किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

2. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बताओ–

वाक्य	लिंग
(क) रोगी के सिर पर पट्टी बँधी है।	पुल्लिंग
(ख) संस्कृत सब भाषाओं की जननी है।	स्त्रीलिंग
(ग) आज सोमवार है।	पुल्लिंग
(घ) भारत देश हमें प्राणों से प्यारा है।	पुल्लिंग
(ङ) हमारे देश में अनेक पवित्र नदियाँ हैं।	पुल्लिंग

3. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखो–

(क) बच्चा रो रहे हैं।	बच्चे रो रहे हैं।
(ख) माताएँ जा रहा है।	माताएँ जा रही हैं।
(ग) जनताओं ने नेता का स्वागत किया।	जनता ने नेता का स्वागत किया
(घ) लोग बाज़ार जा रहा है।	लोग बाजार जा रहे हैं।
(ङ) आजकल हत्या बढ़ती जा रही हैं।	आजकल हत्याएँ बढती जा रही हैं

4. लिंग परिवर्तन के लिए सही विकल्प पर गोला बनाओ–

(क)	पूज्य	पूज्यनीया, (पूज्या,) पूजने योग्य
(ख)	तरुण	तरुणा, तरुणवती, (तरुणी)
(ग)	मालिक	मालिकिनी, (मालकिन,) मालकनी
(घ)	क्षत्रिय	क्षत्रिया, (क्षत्राणी,) क्षत्रवती
(ङ)	पंडिताइन	पांडेय, (पंडित,) पांडे

5. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो—

(क) ऋतु — ऋतुएँ

(ख) आत्मा — आत्माएँ

(ग) कहानी — कहानियाँ

(घ) लिपि — लिपियाँ

(ङ) रात — रातें

(च) रुपया — रुपए

(छ) दवाई — दवाइयाँ

(ज) तितली — तितलियाँ

(झ) बोतल — बोतलें

(ञ) कौआ — कौए

6. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ—

(क) 'हस्ताक्षर' का बहुवचन होगा—

(अ) हस्ताक्षरों ☐ (ब) हस्ताक्षरें ☐ (स) हस्ताक्षर ☑

(ख) सदा बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है—

(अ) लोग ☑ (ब) पानी ☐ (स) वायु ☐

(ग) 'कोयल' का स्त्रीलिंग होगा—

(अ) कोयली ☐ (ब) कोयलियाँ ☐ (स) मादा कोयल ☑

(घ) 'बकरी' का पुल्लिंग होगा—

(अ) नर बकरी ☐ (ब) बकरा ☐ (स) नर बकरा ☑

(ङ) 'कवि' का स्त्रीलिंग होगा—

(अ) कवित्री ☐ (ब) कवयित्री ☑ (स) कवयीत्री ☐

वाक्यों में प्रयुक्त कारक चिह्नों को रेखांकित करो तथा उनके नाम लिखो–

वाक्य	कारक का नाम
(क) माली पौधों को सींचता है।	कर्म कारक
(ख) कोयल पेड़ पर बैठी है।	अधिकरण कारक
(ग) हे ईश्वर! मेरी रक्षा करो।	संबोधन कारक
(घ) प्रिया पेंसिल से चित्र बनाती है।	करण कारक
(ङ) राजा गरीब को वस्त्र देता है।	कर्म कारक

रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त कारक चिह्नों को चुनकर करो–

(क) मेरे पिता जी का स्वभाव विनम्र है। (की / का)

(ख) ताजमहल आगरा में स्थित है। (से / में)

(ग) फल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। (के लिए / का)

(घ) अवनीश साँप से डरता है। (से / से द्वारा)

(ङ) शाबाश ! तुमने तो कमाल कर दिया। (शाबाश! / हाय!)

दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) संप्रदान कारक का चिह्न है–

(अ) में ☐ (ब) के लिए ☑ (स) से ☐

(ख) क्रिया के आधार का बोध होता है–

(अ) कर्म कारक ☐ (ब) अधिकरण कारक ☑ (स) करण कारक ☐

(ग) हिंदी में कितने कारक होते हैं?

(अ) सात ☐ (ब) आठ ☑ (स) नौ ☐

आपने क्या सीखा ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो—

(क) सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ख) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं? सभी के नाम लिखो।

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके कितने भेद होते हैं?

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम तथा अनिश्चयवाचक सर्वनाम में क्या अंतर है?

2. कोष्ठक में दिए गए सर्वनामों के उचित रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—

(क) यह ग्लास ——किसने—— तोड़ा है?

(ख) तुम्हें यहाँ ——किसने—— बुलाया है।

(ग) ——उसने—— पिक्चर देखी।

(घ) मेरे पिता जी ने ——हमें—— रुपया दिया।

3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनामों को रेखांकित करो तथा उनके भेद लिखो–

वाक्य	भेद
(क) माली ने पौधों को स्वंय ही पानी दिया।	निजवाचक सर्वनाम
(ख) कल तक आपका काम पूरा हो जाएगा।	पुरुषवाचक सर्वनाम
(ग) तुम बातें क्यों कर रहे हो?	प्रश्नवाचक सर्वनाम
(घ) जो सोता है वह खोता है।	संबंधवाचक सर्वनाम
(ङ) पिता जी बाज़ार से कुछ लाए हैं।	अनिश्चयवाचक सर्वनाम

4. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनामों का सही रूप प्रयुक्त करके पुनः लिखो–

(क) आप तुम्हारे घर गए थे।	आप अपने घर गए थे।
(ख) देखो पानी में कौन पड़ा है?	देखो पानी में कुछ पड़ा है।
(ग) तुम तुम्हारा काम कर लेना।	तुम अपना काम कर लेना।
(घ) वही परिश्रम करेगा जो सफल होगा।	जो परिश्रम करेगा वही सफल होगा
(ङ) कौन का घर हमारे घर के पास है?	किसका घर हमारे घर के पास है?

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) सर्वनाम किसके स्थान पर प्रयुक्त होता है?

(अ) संज्ञा ☐ (ब) विशेषण ☑ (स) क्रिया ☐

(ख) सुनने वाला कौन-सा पुरुष होता है?

(अ) अन्य पुरुष ☐ (ब) मध्यम पुरुष ☐ (स) उत्तम पुरुष ☑

(ग) 'कौन' का कर्म कारक एकवचन रूप होगा–

(अ) किसको ☑ (ब) किसने ☐ (स) किससे ☐

(घ) 'स्वयं' सर्वनाम है–

(अ) निजवाचक ☑ (ब) प्रश्नवाचक ☐ (स) संबंधवाचक ☐

आपने क्या सीखा ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) विशेषण किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?

(ख) विशेषण के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ग) विशेषण और विशेष्य में क्या अंतर है?

(घ) विशेषण की कितनी अवस्थाएँ होती हैं? किसी एक के विषय में विस्तार से लिखो।

2. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण को रेखांकित करके उनके भेद लिखो–

वाक्य	भेद
(क) मार्ग पथरीला है।	गुणवाचक विशेषण
(ख) वह पुस्तक धार्मिक है।	गुणवाचक विशेषण
(ग) मेरी कक्षा में चालीस बच्चे हैं।	निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(घ) दुकानदार के पास थोड़े फल हैं।	अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ङ) लंबा लड़का खेल रहा है।	गुणवाचक विशेषण

3. कोष्ठक में दिए गए विशेषण शब्दों के उचित रूप से रिक्त स्थान भरो–

(क) मेरी माँ बहुत ___दयालु___ हैं। (दय

(ख) हम भारत देश के ___नागरिक___ हैं। (नग

(ग) यह ___चमकदार___ पत्थर है। (चमक

(घ) मैं ___सातवीं___ कक्षा में पढ़ती हूँ। (सात

(ङ) बच्चों को ___शैक्षिक___ पुस्तकें पढ़ना चाहिए। (शिक्ष

4. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर सामने लिखो–

(क) मेरा भाई बहुत छोटा है। ___छोटा___

(ख) शैलजा अत्यंत सुंदर है। ___सुंदर___

(ग) मनीष निरा बुद्धू है। ___बुद्धू___

(घ) अंजली काफ़ी बड़ी है। ___बड़ी___

(ङ) गुलाब एक सुगंधित पुष्प है। ___सुगंधित___

5. सही (✓) / गलत (×) का निशान लगाओ–

(क) 'क्रोध' का विशेषण है – 'क्रोधी' ✓

(ख) 'ग्राम' का विशेषण है – 'ग्रामवासी' ✓

(ग) 'परिवार' का विशेषण है – 'पारिवारिक' ✓

(घ) 'समाज' का विशेषण है – 'सामाजिक' ✓

(ङ) 'प्रकाश' का विशेषण है – 'प्रकाशमान' ×

6. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'कठिनतर' में विशेषण की कौन-सी अवस्था है?

(अ) मूलावस्था ☐ (ब) उत्तरावस्था ✓ (स) उत्तमावस्था ☐

(ख) 'लड़ना' का विशेषण होगा–

(अ) लड़ाकू ✓ (ब) लड़क्कड़ ☐ (स) लड़ाकी ☐

(ग) 'वह' का विशेषण होगा–

(अ) उसे ☐ (ब) उससे ☐ (स) वैसा ✓

(घ) 'विनय अच्छा बालक है।' में कौन-सी अवस्था है?

(अ) मूलावस्था ✓ (ब) उत्तरावस्था ☐ (स) उत्तमावस्था ☐

(ङ) 'मनीष दुष्ट व्यक्ति है।' में कौन-सा विशेषण है?

(अ) गुणवाचक विशेषण ✓ (ब) संख्यावाचक विशेषण ☐ (स) संकेतवाचक विशेषण ☐

Class VII
Halfyearly syllabus
HINDI I
पाठ 1से 8 तक पूरा अभ्यास कार्य
विलोम शब्द - अनुज से ऊध्व तक
पर्यायवाची शब्द- अचल से कमजोर तक
अनेकार्थी शब्द- अचल से चक्र तक
वाक्यांश- जो अंडे से जन्म लेता है से झूठ बोलने वाला तक
मुहावरे - अंग-अंग फूले न समाना से आग बबूला होना तक
पत्र- 1से 3 तक
निबंध- स्वदेश प्रेम, गणतंत्र दिवस, दीपावली, राष्ट्रपति महात्मा गांधी, आदर्श विद्यार्थी, दूरदर्शन का प्रभाव,देशाटन, शिक्षा की वर्तमान समस्याएं
कहानी- बुद्धि ही बल है,बयां और मूर्ख बंदर, सच्ची मां
HINDI II
पाठ 1से 9 तक पूरा अभ्यास कार्य

2:35 pm ✓✓